नई दिल्ली, गुरुवार
6 जून 2019
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+6=24

# दैनिक जागरण



www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



# पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

## ग्रेटर नोएडा की सोसायटी व सेक्टरों में आयोजित हुए कार्यक्रम, पौधरोपण के बाद लोगों ने लिया पौधों की देखभाल का संकल्प

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसायटियों में लोगों ने एकत्र होकर खाली जमीन पर पौधरोपण किया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी में आरएमसी प्लांट पर पौधरोपण करने को लोग एकत्र हुए। करीब पांच एकड़ में निर्मित इस प्लांट के आसपास निवासियों के साथ बिल्डर प्रबंधन ने पौधे रोपे। गौर समूह ने लगाए गए पौधों की देखरेख का जिम्मा उठाया है। निवासियों ने पौधरोपण करने के बाद स्वच्छता अभियान भी चलाया। आयोजित कार्यक्रम में गौर समूह के एमडी मनोज गौड़ के साथ-साथ कर्मचारी व सोसायटी के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही पंचशील ग्रीन्स, एस सोसायटी में भी लोगों ने पौधरोपण किया। पौधरोपण के दौरान निवासियों ने लगाए गए पौधों की देखरेख करने का जिम्मा उठाते हुए नियमित पौधों को पानी देने का संकल्प लिया। ग्रीन आर्च सोसायटी में पौधरोपण करने के दौरान नवल सिंह, संदीप ओझा, रविंद्र सिंह, गौरव कुमार, वैभव सिंह, अविनेश शर्मा, अनूप, सुमित राणा आदि लोग मौजूद रहे।

**छात्र-छात्राओं ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करने की ली शपथ :** पर्यावरण दिवस के मौके पर गांव के युवाओं ने एक जुट होकर पौधे रोपे। जिसमें गांव की छात्र-छात्राओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने अपनी पॉकेट मनी से पैसे एकत्र कर सैकड़ों पौधे लगाए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने हर त्योहार व जन्मदिन पर एक पौधा लगाने की शपथ ली। इस अवसर पर शिक्षक प्रवीण छोकर, छात्र नेता अनुज रौसा, कुलदीप बैसला, शिव भाटी, अंकित नागर, शिल्पा सिंह, कोषिंद्र कसाना, संदीप आदि मौजूद रहे।

**पौधे भेंट कर मनाई ईद-उल-फितर :** महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्था के कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम भाइयों को पौधे भेंट कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। संस्था के संस्थापक डॉ. राहुल वर्मा ने कहा कि पेड़ धर्म-जाति का भेद किए बिना सभी को ठंडी छांव और शुद्ध हवा देते हैं। सभी का दायित्व बनता है कि एक जुट होकर विषैले हो रहे पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए। ताकि भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। इस मौके पर अनिल भाटी, मुजफ्फर अली, हली हसन, सलीम बेग, कबीर खान, जफर, इस्लाम आदि लोग मौजूद रहे।

### पौधे रोपकर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** वश्व हिंदू महासंघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुधवार को जन्मदिन मनाया। इस मौके पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। उन्होंने 11000 पौधे रोपित करने का प्रण लेने के साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया। इस मौके पर सूर्यदेव द्विवेदी, अंकुर त्यागी, ऋषभ गुप्ता, देशराज आदि मौजूद रहे। वहीं जेवर में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस पर पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष प्रिंस भारद्वाज के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्रिंस भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में 22 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। इसमें जेवर के कार्यकर्ता भी सहभागिता करेंगे। इस मौके पर लालता प्रसाद शर्मा, विकास शर्मा, प्रदीप शर्मा, कुलदीप शर्मा,लोकेश शर्मा, सागर शर्मा, रोहित शर्मा ,अशोक चौधरी,अनूप शर्मा, बिन्नी, ललित गर्ग आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण दिवस पर विभिन्न संस्थाओं ने किया पौधरोपण



पर्यावरण दिवस पर ग्रेनो में वन विभाग ने किया पौधरोपण ● सौजन्य वन विभाग



पर्यावरण दिवस पर ग्रेनो के ईटा सेक्टर मे पौधरोपण करते प्राधिकरण के अधिकारी ● सौजन्य ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विभिन्न शासकीय विभागों व सामाजिक संस्थाओं ने जगह-जगह पौधरोपण किया।

सिकंद्राबाद रेंज के अंतर्गत बिलासपुर पौधशाला में वन विभाग की तरफ से पौधरोपण व पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे, जिन्होंने पौधरोपण किया। वहीं दादरी रेंज के अंतर्गत सूरजपुर पौधशाला पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां प्रभागीय वन अधिकारी, मुख्य वन संरक्षक, प्रभागीय वन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे। वहीं एनटीपीसी रेंज के अंतर्गत बिसाहड़ा में पौधरोपण किया गया, जहां एनटीपीसी के विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से शहर के कई सेक्टरों में पौधे लगाए गए। ईटा एक सेक्टर में ओएसडी सचिन कुमार, महाप्रबंधक समाकांत श्रीवास्तव ने पौधरोपण किया। इसके अलावा सेक्टर बीटा एक की ग्रीन बेल्ट व पार्क में भी पौधरोपण किया गया। इसमें प्राधिकरण के अधिकारियों के अलावा सेक्टर के लोगों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

**किसान कामगार मोर्चा ने भी किया पौधरोपण:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किसान कामगार मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष अरविंद सेक्रेटरी के नेतृत्व में मोर्चा के अन्य कार्यकर्ताओं ने दनकौर स्थित कैंप कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर नीरज नागर, राजेंद्र भाटी, बंटी गुर्जर, अवलेश यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं रामराज सेवा संस्थान के सदस्यों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। आजादी पॉलीथिन से के नारे के साथ संस्था के सदस्यों ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने की अपील की। संस्था की सदस्य मृदुला राज ने लोगों को निशुल्क कपड़े की थैली का वितरण कर पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक रामबीर सिंह, भोजराज, संजय शर्मा, ओमवीर, सुधीर तोमर, अमित रोहिला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।